

कुछ बच्चे
एक गोला बनाकर
खेल रहे हैं। सभी बच्चे
एक-दूसरे से बराबर दूरी पर
खड़े हैं और सातवाँ बच्चा अठाहरवें
बच्चे के ठीक सामने है। तुम्हें बताना है
कि गोले में कुल कितने बच्चे हैं?



**1978**

इस सन् को ध्यान से देखो। इसके शुरू के दो अंकों की संख्या को बाद के दो अंकों की संख्या में जोड़ने पर बीच के दो अंकों वाली संख्या मिलती है। क्या तुम इसी विशेषता वाला एक और सन ढूँढ सकते हो?

पहली रस्सी दूसरी रस्सी से तीन गुना लम्बी है। जबकि दूसरी रस्सी पहली रस्सी से दो सेंटीमीटर छोटी है। तुम्हें दोनों रस्सियों की लम्बाई बतानी है।

**25** एक खास संख्या है। कैसे? इसके इकाई के अंक यानी 5 का वर्ग 25 होता है। क्या इसी गुण वाली दूसरी संख्या बता सकते हो?

**32** में से दो को कितनी बार घटा सकते हैं?

एक ऐसी चीज़ बताओ जिसे तुम अपने बाएँ हाथ से तो पकड़ सकते हो लेकिन दाएँ हाथ से नहीं?

क्या कोई ऐसी चीज़ है जिसे इस्तेमाल करने से पहले तोड़ा जाता हो?

दिन के 12 बजे से लेकर रात के 12 बजे के बीच में मिनट की सुई कितनी बार घण्टे की सुई को पार करती है?

**क्या ज़्यादा होगा - एक किलोमीटर में सेंटीमीटर या एक दिन में सेकण्ड?**



इन सभी शब्द जोड़ियों में दो बातें तुम्हें नज़र आ रही होंगी। एक तो, इन सभी में तीन अक्षर हैं। दूसरे, ये सभी अक्षरों की आपसी उठापटक से बने हैं। जैसे - गरम से मगर! क्या तुम सिर्फ दस मिनट में ऐसे दस जोड़ी शब्द ढूँढ सकते हो?

**गरम - मगर**
**पलट - लपट**
**मकर - कमर**
**कमल - कलम**

# माप धापी





रेहान को जो टॉफी खरीदनी है वो एक रुपए में एक आती है। उस टॉफी के तीन रैपर (लपेटन) लौटाने पर एक टॉफी मुफ्त मिलती है। रेहान के पास कुल 15 रुपए हैं। उसे कुल कितनी टॉफियाँ मिलेंगी?